पुलिस निष्क्रिय | कटनी रेलवे स्टेशन के बाहर भी पूरी रात खुली रहती है चाय-पान की दुकानें, आए दिन होती है मुसाफिरों से मारपीट और लूट

# देर रात खुल रही दुकानों के पास हर दिन हो रहे अपराध

**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र से चंदकदमों की दूरी पर स्थित चौपाटी में हुए डबल मर्डर ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं, भले ही हत्या करने वालों को पकड़ लिया गया है, लेकिन देर रात तक खुलने वाली दुकानों को बंद नहीं कराना पुलिस की बड़ी लापरवाही है, चौपाटी के अंदर देर रात तक चाय दुकान खुली रहती थी, यही वजह है यहां पर अपराधिक और असामाजिक तत्व पहुंचते थे, चौपाटी में ही शराब पी जाती थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती थी, यही हाल कटनी रेलवे स्टेशन के बाहर लग रही चाय, पानी, सिगरेट की दुकानों का है। यहां पर भी देर रात तक दुकानें खुली रहती है, आए दिन बाहरी यात्रियों से मारपीट, लूट की वारदातों की जानकारी मिलती है, बाहरी होने के कारण ऐसे पीड़ित मुसाफिर पुलिस थानों में रिपोर्ट भी नहीं कर पाते हैं, सूत्रों का कहना है कि हर दिन कटनी रेलवे स्टेशन के बाहर आए दिन बाहरी मुसाफिरों से मारपीट और लूट जैसी वारदातें होती है, असामाजिक तत्व वहां पर पूरी रात मौजूद रहते हैं, यहां पर दुकानें किसकी सह पर खोली जा रही है, ये सवाल अभी भी बना हुआ है।



चौपाटी में देर रात तक खुली रहने वाली दुकानों, खासकर चाय, पान-मसाला की दुकानों में असामाजिक गतिविधियो बेरोकटोक चल रही हैं। रात के समय तो दूर, इन दुकानों में दिन के समय ही नाबालिग लड़के-लड़कियों को नशा परोसा जा रहा है, जिसमें सिगरेट, तंबाकू और अन्य सूखे नशे के पदार्थ शामिल हैं। कई दुकानों में परदे लगाकर अंदर सिगरेट और आधुनिक नशे का सामान बेचा जा रहा है, लेकिन पुलिस की ओर से कभी कोई जांच या कार्रवाई नहीं की गई। चौपाटी को छोटे फूड स्टॉल्स जैसे चाट, चाउमीन, बर्गर, पिज्जा के लिए पुर्नस्थापित किया गया था, लेकिन यहां पर पान-मसाला और गुटका चाय की दुकानें खोल ली गई हैं, चौपाटी के कुछ स्थान अपराधियों का अड्डा बन गए हैं। पुलिस की भूमिका अब सांप निकल जाने के बाद लकीर पीटने जैसी हो गई है। सूत्रों की मानें तो चौपाटी में काम कर रहे कई युवक आपराधिक प्रवृत्ति के हैं, जिनका कोई पुलिस वेरिफिकेशन तक नहीं कराया गया है। चौपाटी में रात भर खुली रहने वाली दुकानों पर पुलिस की चुप्पी न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, हालांकि दो युवकों की हत्या होने के बाद पुलिस ने सख्ती बरत रही है, सोमवार को चौपाटी को निर्धारित समय पर बंद करा दिया गया था। दुकान संचालकों को निर्धारित समय में दुकान बंद करने की हिदायत दी है।

### हमला करने वाले गिरफ्तार

चौपाटी में चाकू के हमले में हुई दो युवकों की मौत और एक के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में पुलिस ने तीनों हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि चाकू मारने वाले तीनों हमलावरों को पकड़ लिया गया है। तीनों नाबालिग है, पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। बतादें कि रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात हुई चाकू बाजी में दो युवकों की मौत हो गई थी।



## कांवड़ यात्रियों का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**नवभारत ढीमरखेड़ा।** जिले के कोठी गांव में नागपंचमी के अवसर पर कांवड यात्रा की वापसी हुई। कांवड़ यात्रा में कोठी से लगभग 60 नवयुवक 27 जुलाई को रवाना हुए थे। कांवड़ यात्रा में शामिल युवक मालपुर नर्मदा घाट में मां नर्मदा जी का आशीर्वाद और जल लेकर वापस आए। कांवड़ यात्रियों की वापसी पर ग्रामीणों ने बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ उनका स्वागत किया और भक्ति भाव से ग्राम के हनुमान मंदिर, खेरमाई यज्ञ भगवान में जल चढ़ा कर प्रेम भेट किए। साथ ही आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद मोरी नदी कोठी में कांवड विसर्जन किया गया । स्व सहायता समूह के महिलाओं द्वारा कलश जलाकर स्वागत किया गया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम पंचायत कोठी सरपंच सीताराम बैगा, समिति सेक्टर प्रभारी सुरेश दुबे, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष मनोज सिंह मरावी, प्रिया मरावी, पूर्व सरपंच चंद्रशेखर पटेल, पूर्व सरपंच श्रीलाल मरावी, चंदन सिंह, संतलाल दीवान, राखी मरावी, विवेक शुक्ला, श्रद्धा मिश्रा सहित अन्य ने कांवड यात्रियों का स्वागत किया।

### एक नजर में

#### मूंग स्लॉट बुक नहीं होने से किसानों को हो रही परेशान

**नवभारत, उमरियापान।** सरकारी समर्थन मूल्य पर मूंग उड़द उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन तो हो गए हैं लेकिन किसानों को अपनी फसल खरीदी केंद्र में बेचने के लिए पहले ऑनलाइन स्लाट बुकिंग करानी होती है। लेकिन ऑनलाइन स्लाइट बुकिंग साइड बंद होने के कारण किसानों को अपनी मूंग की फसल बेचने की चिंता सता रही है। स्लाइड बुकिंग बंद होने के कारण गरीब किसान दिन-रात या तो अपने मोबाइल में साइड की तरफ टकटकी लगाए या फिर ऑनलाइन दुकानों के चक्कर काट रहे कि कब साइड खुले और हम अपनी फसल मूंग का स्लाट बुक करे। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले जरूर कुछ मिनटों के लिए स्लाट बुकिंग साइट खुली थी, जिसमें कुछ विशेष लोग ही इसका फायदा ले सके। लोगो ने मांग कि है कि मूंग स्लाट बुकिंग साइट जो बंद है उसे जल्द चालू कि जाए और स्लाट बुकिंग डेट भी बढ़ाई जाए। इस समय स्लॉट बुकिंग साइट बंद होने की वजह से किसानों को सरकारी समर्थन मूल्य पर अपनी मूंग की फसल बेचने की चिंता सता रही है।

#### हर महीने थाने में हाजरी देगा आदतन अपराधी राहुल

**नवभारत, कटनी।** जिला दंडाधिकारी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए गुप्ता कॉलोनी खिरहनी फाटक निवासी राहुल पिता अशोक दाहिया खिलाफ आगामी तीन महीने की अवधि तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को पुलिस थाना कोतवाली में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। राहुल दाहिया के खिलाफ कोतवाली थाने में वर्ष 2018 से अब तक 8 प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें शराब पीने के लिए अवैध रूप से पैसों की मांग करना, गाली-गलौज करना, मारपीट करना, अवैध शस्त्र कब्जे में रखना जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा राहुल के खिलाफ समय-समय पर कई बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। लेकिन आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। राहुल द्वारा आपराधिक गतिविधियां लगातार जारी रखने के कारण उसके खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आदेश जारी किया गया है। जिसमें आगामी 3 माह तक पुलिस थाना कोतवाली में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## इंदिरा आवास कॉलोनी की सड़क जर्जर, राहगीर परेशान



सिलौंढ़ी छोटी मढ़िया से कॉलोनी तक कीचड़ में तब्दील हुआ मार्ग

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के सिलौंडी के आदिवासी मोहल्ले जाने वाले मार्ग कीचड़ में तब्दील हो चुका है । मार्ग में जगह जगह कीचड़ होने के कारण रहवासियों को पैदल और गाड़ी से आने जाने किसानों और आदिवासी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड पंच वीरेंद्र कोल, पंच रघुवीर सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत सिलौंडी में कई बार सड़क नहीं होने के कारण आने जाने में हो रही परेशानियों के संबंध में बताया गया है।

लेकिन पंचायत की उदासीनता के कारण आज भी इंदिरा आवास कॉलोनी में रहने वाले लोगों को अपने कार्यस्थल, छात्र-छात्राओं को स्कूल, कॉलेज, किसानों को खेत जाने में कीचड़ से होकर जाने पर मजबूर है। कई बार तो वाहन कीचड़ में फिसल कर गिर जाते हैं जिसके कारण लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। कई घटनाएं भी हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने छोटी मढिया से इंदिरा आवास कॉलोनी तक जल्द से जल्द मार्ग बनाने की मांग की है।

इस संबंध में सचिव देवराज धनगर ने बताया मेरी नियुक्ति अभी हुई है, जल्द ही पूरी जानकारी लेकर ग्राम पंचायत में प्रस्ताव बनाकर सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

## नशे से होते हैं शरीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान

उत्कृष्ट स्कूल में आयोजित किया गया जन जागरूकता कार्यक्रम

**नवभारत कटनी।** नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के तहत माधवनगर क्षेत्र स्थित उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही नशे से होने वाले सामाजिक, शरीरिक दुष्प्रभाव के संबंध में जानकारी दी गई है।

कार्यक्रम के दौरान माधवनगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने कहा कि आप जितनी सूचनाएं देंगे, उतनी ज्यादा सुरक्षा हम आपको देने का वचन देते हैं थाना प्रभारी द्वारा अपना मोबाइल नंबर भी दिया, ताकि किसी भी विपरीत परिस्थिति में उन्हें तत्काल पुलिस की मदद मिल सके। नशे से किसी भी इंसान को चार प्रकार की हानियां होती हैं। सबसे पहले शारीरिक, फिर मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से नशा व्यक्ति को पूरी तरह से तबाह कर देता है।



एक व्यक्ति को नशे की लत लग जाने के कारण उसका पूरा परिवार परेशानियों का सामना करता है। नशा किसी भी शक्ल में समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए ठीक नहीं है।

नशा मुक्ति अभियान के तहत माधव नगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने उत्कृष्ट विद्यालय में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, यातायात नियमों, महिला सुरक्षा और साइबर अपराधों की जानकारी दी। इस अवसर पर माधव नगर थाना प्रभारी ने बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही पढ़ाई के साथ-साथ अपना करियर कैसे बनाएं इसके संबंध में भी छात्रों का मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट स्कूल के सैकड़ो छात्र-छात्राओं के अलावा पूरा स्टाफ भी मौजूद रहा।

## सोमनाथ मंदिर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण, किया गया हवन-पूजन

कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी ने किया आयोजन

**नवभारत, कटनी।** ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पवित्र सावन माह में दुबे कॉलोनी स्थित श्री सोमनाथ मंदिर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजन और हवन अभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सोसाइटी के सभी सदस्यों ने सपरिवार भगवान की पूजा-अर्चना कर सोसाइटी और शहरवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके साथ ही कॉलोनी निवासियों ने भी मंदिर में आयोजित शिवलिंग निर्माण, अभिषेक, हवन पूजन किया। कार्यक्रम संस्था की महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती मंजूबाला शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। संस्था का यह



आयोजन हर साल अलग-अलग देवस्थलों में किया जाता है, इसी तारतम्य में इस वर्ष यह आयोजन दुबे कॉलोनी स्थित श्री सोमनाथ मंदिर में किया गया। जिसमें संस्था सचिव अखिलेश पुरवार ने सफल आयोजन के लिए संस्था के अध्यक्ष टीनू सचदेवा और समिति के अन्य पदाधिकारियों, सदस्यों, सोमनाथ मंदिर समिति को आभार प्रेषित किया। आयोजन में संस्था अध्यक्ष टीनू सचदेवा, अखिलेश पुरवार, रौनक खंडेलवाल, मंजू शर्मा, अंकित बिलैया, शंकर साधवानी, गौरव नागवानी, राज सोनी, दीपक सोनी, लक्ष्य सचदेवा, नीरज जसूजा, गौरव शर्मा, साहिल मनवानी, संतोष पांडेय, दयाल पोपटानी, अर्जित खरे, रितेश सागर, विशाल नागपाल, जतिन कोटवानी, पुरु अग्रवाल, मनीष साहू, रोशनी जायसवाल, पुष्पा ठाकुर, आतिश खम्परिया, प्रदीप महाराज, आशीष कुशवाहा, शिखा खम्परिया, माही तिवारी, श्रुति सेठिया, संजना पांडे, पल्लवी अग्रवाल और कॉलोनी निवासियों की उपस्थिति रही।

## लापरवाह अधिकारियों को नोटिस, वेतन निकालने पर रोक

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा, जताई नाराजगी

**नवभारत कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिट, समय-सीमा पत्रों, समर्थन मूल्य पर मूंग, उड़द उपार्जन की समीक्षा की। कलेक्टर ने कार्यों में रूचि नहीं लेने वाले पांच अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और 3 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में जर्जर और खतरनाक स्कूल, आंगनबाड़ी भवनों की जांच सत्यापन की समीक्षा के दौरान सही स्टेटस नहीं बता पाने के कारण कलेक्टर ने डीईओ के प्रति नाराजगी जताई। कलेक्टर ने चेतावनी दी है कि किसी भी हाल में स्कूल और आंगनबाड़ी कक्षाएं जर्जर भवनों में संचालित नहीं हो। कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी को आगामी त्यौहारों के मद्देनजर दूध, पनीर सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विभाग द्वारा अब तक जुर्माने की राशि का 50 प्रतिशत ही वसूल किए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए तीनों खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी, ब्रजेश विश्वकर्मा और ओपी साहू के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएमएचओ को इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने की हिदायत दी।



कलेक्टर ने कृषि अभियांत्रिकी विभाग की सहायक यंत्री कृति पांडेय द्वारा नरवाई प्रबंधन के तहत हैप्पी सीडर और सुपर सीडर में सब्सिडी नियमों की संतोषजनक जानकारी नहीं बता पाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने और विभागीय जांच संस्थित करने करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी विभागों को कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों की योजनाओं की अद्यतन विस्तृत जानकारी रखें। कलेक्टर ने अपने बरही प्रवास के दौरान एमपी एग्रो के उर्वरक विक्रय केन्द्र में खाद उपलब्ध नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए एमपी एग्रो के प्रबंधक, उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा और जिला विपणन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मप्र ग्रामीण सड़क प्राधिकरण के इंजीनियर को लगातार समय-सीमा बैठकों में अनुपस्थित रहने की वजह से कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बरही में खाद के निरीक्षण के दौरान दुकानों पर स्कंध सूची ओर रेट दर नहीं लगाए जाने पर विजयराघवगढ़ एसडीएम महेश मंडलोई को व्यवस्था सुधारने की सख्त हिदायत दी। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए डी रैंक वाले विभागों को रैंक में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने माइनिंग विभाग के उपसंचालक रत्नेश दीक्षित को लंबित पड़ी शिकायतों का निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि खनन से संबंधित शिकायतों पर माइनिंग इंस्पेक्टर और रेवेन्यू विभाग समन्वय कर निरीक्षण करके आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने मत्स्य विभाग को भी लंबित पड़ी 7 शिकायतों के जल्द निराकरण के निर्देश दिए। उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा ने बताया कि जिले में उपार्जन के लिए 5 हजार 676 स्लॉट बुकिंग हुई है। वहीं अब तक 4 हजार 51 मीट्रिक टन मंग और 623 मीट्रिक टन उड़द का उपार्जन किया गया है। जबकि भुगतान के लिए 1 करोड़ 35 लाख रूपए के ईपीओ जेनरेट किए गए हैं। बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्कूलों में नामांकन दाखिला, पुस्तक वितरण और साइकल वितरण की समीक्षा की। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूलों में लगभग शत-प्रतिशत नामांकन हो गया है।

## बिना बेस और समतलीकरण के बनाई जा रही सड़क

सीसी रोड निर्माण में गुणवत्ताहीन सामग्री का किया जा रहा उपयोग

**नवभारत ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाली में सीसी रोड निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। आरोप में बताया गया है कि सरपंच और इंजीनियर की मिलीभगत से घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, शासन की राशि का दुरुपयोग हो रहा है। ऐसा लगता है कि इस मामले में उच्च अधिकारियों की अनदेखी और उदासीनता उनकी भूमिका पर भी सवाल खड़े करती है। सीसी रोड निर्माण में नाले की घटिया भसुआ रेत लगाकर बनाई जा रही है, जो कि गुणवत्ता के



मानकों को पूरा नहीं करती है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पाली में हनुमान मंदिर के समीप वार्ड नं 4,5 में सीसी रोड का निर्माण कार्य प्रगति पर जहां देखा गया कि सड़क निर्माण करने के पहले निचले स्तर पर बोल्डर मुर्म डालकर समतलीकरण कर सीमेंट रेत-गिट्टी का मसाला डालकर सड़क का निर्माण होना चाहिए, लेकिन इसके विपरीत निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सीसी सड़क में न बेस डाला गया और न ही समतलीकरण किया गया। सरपंच-इंजीनियर की मिली भगत से सीसी रोड निर्माण किया जा रहा है, कुछ ही महीनों में उखड़ कर बिखर जाएगी।

### जिले में अब तक 675 मिमी बारिश

**नवभारत कटनी।** जिले में इस वर्ष 1 जून से सोमवार 28 जुलाई तक 675.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। इसी अवधि में जिले में पिछले वर्ष 424.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 59.3 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू अभिलेख अधीक्षक ने बताया कि जिले में अब तक की स्थिति में कटनी में 697.8 मिमी औसत वर्षा, तहसील रीठी में 903 मिमी, बड़वारा तहसील में 584 मिमी, बरही में 524 मिमी, विजयराघवगढ़ में 659.4 मिमी, बहोरीबंद में 613.9 मिमी, स्लीमनाबाद में 797.2 मिलीमीटर और ढीमरखेड़ा में 624.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

निरीक्षण | महापौर ने किया छपरवाह स्कूल का औचक निरीक्षण, मंगल नगर और निर्मल धाम कॉलोनी का किया पैदल भ्रमण

## बेहतर करें स्कूल की साफ-सफाई, कॉलोनी में बनाए जल निकासी की व्यवस्था

**नवभारत, कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा नागरिकों की शिकायतों को संज्ञान में लेकर प्राथमिकता के साथ उनके निराकरण कराने के प्रयास किए जा रहे है। इसी अनुक्रम में मंगलवार को रामकृष्ण परमहंस वार्ड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला छपरवाह में साफ-सफाई संबंधी प्राप्त शिकायत को महापौर द्वारा संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय पार्षद शकुंतला सोनी के साथ छपरावाह स्कूल का औचक निरीक्षण कर शाला प्रांगण की साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही सुरक्षा और सुविधा की



दृष्टि से परिसर में लगी खरपतवार की कटाई कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर ने निरीक्षण के दौरान शाला कक्ष में मध्यान्ह भोजन कर रहीं प्राथमिक शाला की छात्रा नव्या चैधरी और ज्योति कोल से मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। जिस पर उनके द्वारा रोजाना अच्छा भोजन परोसे जाने की जानकारी दी गई। महापौर ने शाला की शिक्षिका अग्रिपीना खेस्स और शील कुमारी ठाकुर से शाला की अध्यापन संबंधी व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा की। साथही नगर निगम संबंधी व्यवस्थाओं की कमी की जानकारी देने की बात कही। रामकृष्ण परमहंस वार्ड के मंगलनगर क्षेत्र स्थित पूर्व पार्षद गली, निर्मल धाम कॉलोनी में सुगम जल निकासी की व्यवस्था मुहैया कराने के उद्धेश्य से विभिन्न स्थलों का पैदल भ्रमण किया। मंगलनगर में पूर्व पार्षद के घर के पास मार्ग में जल भराव की समस्या का निरीक्षण कर क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा को जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए। वहीं निर्मल धाम कालोनी के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करते हुए मार्ग में डस्ट डालकर आवागमन की सुविधा दुरूरत कराने और दो स्थलों में जल निकासी के समस्या के निराकरण के लिए डोले डालने के निर्देश दिए। महापौर द्वारा निरीक्षण के दौरान मंगलनगर पुलिया से निर्मल घाम होते हुए बाबाघाट में मिलने वाले बड़े नाले का जायजा लेते हुए स्थल पर डोले डालकर सुगम जल निकासी की व्ययवस्था बनाए जाने के लिए कहा है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
-ओपीडी-
सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com
क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।
क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र
Dr.V.B.Khare
डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)
डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)
चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।
मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111